अक्तूबर माह में कारोबारी गतिविधियों की रफ्तार तेज

नई दिल्ली, एजेंसी। अक्तूबर में भारत की कारोबारी गतिविधियां बढ़ी हैं। जारी प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि अक्तूबर में भारत की व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक पिछले महीने के 58.3 से बढ़कर 58.6 पर पहुंच गया है। बता दें कि कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक पिछले महीने 10 महीनों के निचले स्तर पर रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक अक्तूबर मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई सितंबर के 56.5 से बढ़कर 57.4 के स्तर पर रही है। वहीं, अक्तूबर में सेवा क्षेत्र की पीएमआई सितंबर के 57.7 से बढ़कर 57.9 पर रही है।

गौरतलब है कि 50 का स्तर निर्माण गतिविधि में विस्तार और संकुचन को रेखांकित करने का काम करता है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा निर्माण गतिविधि में संकुचन का संकेत होती है।

आंकड़ों ने दूसरी तिमाही में सुस्ती के संकेत दिए हैं। इस अवधि में निर्माण और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में कमी आई है। हालांकि, केंद्रीय बैंक और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस वर्ष के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान को बरकरार रखा है।